**आकाशवाणी शिमला**

**19.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक उत्थान के लिए सरकार चला रही है अनेक योजनाएं।
- पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए प्रचार लगातार जारी– 26, 28 और 30 मई को 3 चरणों में होगा मतदान।
- नगर निकाय चुनाव नतीजों पर राजनीति जारी– जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर लगाया बढ़ा–चढ़ाकर जीत के दावे पेश करने का आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– नगर निकाय चुनावों में जीत के झूठे आंकड़े पेश कर मुख्यमंत्री पंचायत चुनावों को प्रभावित करना चाहती है कांग्रेस ।
- सुप्रीम कोर्ट का लावारिस कुत्तों को नसबंदी के बाद वापिस न छोड़ने के अपने पूर्व के निर्देशों को वापिस लेने से इनकार।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और बदलती सामाजिक–आर्थिक आवश्कताओं व चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्त बनेंगी, तो पूरा परिवार आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा।

## चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के लिए चुनाव प्रचार लगातार जारी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी प्राथमिकताएं उनके सामने रखकर वोट मांग रहे हैं। पंचायतीराज संस्थाओं के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होगा। इस बीच पंचायती राज चुनाव के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, मतदान सामग्री प्रबंधन और मतदान केंद्रों पर पालन किए जाने वाले नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही चुनाव कर्मियों को मतपेटी के उपयोग और चुनाव प्रक्रिया का अभ्यास भी करवाया जा रहा है।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पंचायतीराज और स्थानीय शहरी निकायों के चुनाव परिणामों की वास्तविक स्थिति ज़िला परिषदों और पंचायतों के निर्वाचन के साथ ही स्पष्ट होगी। जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा शहरी निकाय चुनाव नतीजों को बढ़ा–चढ़ा कर पेश कर रही है, जो सही नहीं है। क्योंकि अभी इन संस्थाओं के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों का चयन होना बाकी है। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा नेताओं का बयानबाजी में कोई मुकाबला नहीं है और वे हमेशा बढ़ा–चढ़ा कर दावे करते हैं, जबकि ज़मीनी हकीकत कुछ और होती है। जगत सिंह नेगी ने ये भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों और युद्ध का हवाला देकर पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ौतरी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ौतरी से महंगाई और बढ़ जाएगी।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नगर निकाय चुनावों में जीत के झूठे आंकड़े पेश कर पंचायत चुनावों को प्रभावित करना चाहते हैं। जयराम ठाकुर ने मंडी ज़िला के सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान शंकरदेहरा में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ विदाई की शहनाई बजा दी है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के बाद अब प्रदेश की ग्रामीण जनता भी कांग्रेस की चुनावी गारंटियों के पूरा न होने के कारण खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है और पंचायत चुनावों में सरकार को कड़ा सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने दावा किया है कि प्रदेश में नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस की भारी जीत हुई है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि भाजपा नेता चुनाव नतीजों को लेकर झूठे दावे कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत ने साबित कर दिया कि प्रदेश के लोग पार्टी के साथ पूरी मज़बूती से खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी ने 47 नगर निकायों में से 32 में पूर्ण बहुमत हासिल किया है। उन्होंने ये भी दावा किया कि कांग्रेस इससे भी अधिक निकायों में अपने अध्यक्ष बनाएगी।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद प्रोफैसर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वीडन के सर्वोच्च राजकीय सम्मान रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से सम्मानित किए जाने से भारत की विश्व में साख व कूटनीति और मज़बूत हुई है। प्रोफैसर सिकंदर कुमार ने कहा कि यह केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के बढ़ते वैश्विक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ये सर्वोच्च सम्मान पाने वाले पहले एशियाई नेता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति रक्षात्मक से आक्रामक और आत्मनिर्भर मोड में बदल गई है।

## सर्वोच्च न्यायालय–लावारिस कुत्ते

सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों से पकड़े गए लावारिस कुत्तों को टीकाकरण या नसबंदी के बाद वापस न छोड़ने के अपने पूर्व निर्देशों को वापस लेने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नवंबर 2025 के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया और अधिकारियों को ऐसे कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया। अदालत ने बच्चों, बुजुर्गों और यात्रियों पर कुत्तों के हमलों की बेहद चिंताजनक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा है कि यह समस्या हवाई अड्डों और आवासीय कॉलोनियों सहित संवेदनशील सार्वजनिक क्षेत्रों तक पहुंच गई है। पीठ ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारियों को अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पहल एक भारत–श्रेष्ठ भारत युवा संगम कार्यक्रम के तहत पुडुचेरी और हिमाचल के बीच सांस्कृतिक व शैक्षणिक आदान–प्रदान की नई शुरूआत हुई है। इसके तहत एन.आई.टी. पुडुचेरी के 48 छात्रों और 5 फैकल्टी समन्वयकों का एक दल आज केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला पहुंचा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर सतप्रकाश बंसल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शैक्षणिक भ्रमण नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच भावनात्मक जुड़ाव और अनुभव आधारित सीख को बढ़ावा देना है।

## विरोध

हिमाचल प्रदेश मिड–डे–मील वर्कर यूनियन और आंगनबाड़ी वर्कर हैल्पर यूनियन ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आंगनबाड़ी हैल्पर और मिड–डे–मील वर्करों की डियूटी पंचायत चुनाव में पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के लिए लगाने का विरोध किया है। मिड–डे–मील वर्कर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप कुमार और सचिव शांति ने कहा कि चुनाव डियूटी में लगे सभी कर्मचारियों को वेतन मिलता है, लेकिन मिड–डे–मील वर्करों को इस कार्य का कोई वेतन नहीं दिया जाता। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि पंचायत चुनावों में मिड–डे–मील वर्करों और आंगनबाड़ी वर्करों व हैल्परों की डियूटी न लगाई जाए।

## बैठक

प्रदेश विधानसभा सचिवालय में बीते रोज़ और आज लोक लेखा समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों की अध्यक्षता सभापति अनिल शर्मा ने की। बैठकों में विधायक रणधीर शर्मा, संजय रत्न, जीतराम कटवाल, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानिया और चंद्रशेखर ने हिस्सा लिया। इन बैठकों में समिति ने लोक निर्माण व उद्योग विभाग से संबंधित प्राप्त विभागीय उत्तरों पर विचार–विमर्श किया।

## मौसम

प्रदेश में तापमान में वृद्धि लगातार जारी है। तापमान बढ़ने से राज्य के मैदानी ज़िलों में लोगों को जोरदार गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, कुल्लू, सोलन और किन्नौर ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच विभाग ने कहा है कि हिमालयी क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से आज से 25 मई तक राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा की संभावना है, जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत की उम्मीद है। विभाग ने 21 और 22 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने, अंधड़ और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से आंधी–तूफान चलने का यलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच प्रदेश के अधिकांश पर्यटक स्थलों पर इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है और भारी संख्या में पर्यटक यहां घूमने के लिए पहुंच रहे हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक उत्थान के लिए सरकार चला रही है अनेक योजनाएं।
- पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए प्रचार लगातार जारी– 26, 28 और 30 मई को 3 चरणों में होगा मतदान।
- नगर निकाय चुनाव नतीजों पर राजनीति जारी– जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर लगाया बढ़ा–चढ़ाकर जीत के दावे पेश करने का आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– नगर निकाय चुनावों में जीत के झूठे आंकड़े पेश कर पंचायत चुनावों को प्रभावित करना चाहती है कांग्रेस।
- सुप्रीम कोर्ट का लावारिस कुत्तों को नसबंदी के बाद वापिस न छोड़ने के अपने पूर्व के निर्देशों को वापिस लेने से इनकार।

-----------------------------------------------------------------------------------------